संख्याः (XIV) (23)/75 फिन (एल0ए0) खण्ड–14–6140–6412
हिमाचल प्रदेश सरकार,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग

प्रेषकः

निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009

प्रेषितः

निदेशक,
सैनिक कल्याण हमीरपुर,
जिला हमीरपुर, हिमाचल प्रदेश

दिनांक, शिमला–171009 ......19.10.2015................

***विषयः*** ***निदेशालय, सैनिक कल्याण हमीरपुर की विभिन्न निधियों के लेखाओं की अवधि 1.4.2013 से 31.3.2015 के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन बारे***

महोदय,

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में निदेशालय सैनिक कल्याण हमीरपुर की पुनर्वास एवं पुनःस्थापना निधि, राष्टीय सुरक्षा अकादमी निधि, पुस्तकालय निधि, वित्तीय सहायता निधि, झण्डा दिवस निधि, सैनिक छात्रालय निधि, शूरवीर हितेषी निधि, की अवधि 1.4.2013 से 31.3.2015 के लेखाओं के अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन की प्रतियाँ इस पत्र के साथ संलग्न करके इस आशय के साथ प्रेषित की जाती है कि इन अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर उचित कार्रवाई करके सटिप्पण उत्तर एक माह के भीतर भिजवाना सुनिश्चित किया जाए।

भवदीय,

हस्ता/–

उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

पृष्ठांकन संख्या :– –यथोपरि– दिनांक, शिमला–171009.

प्रतिलिपिः–

(1) उप सचिव (सामान्य प्रशासन विभाग) हिमाचल प्रदेश शिमला–02
(2) श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा..........

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

## निदेशालय सैनिक कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश हमीरपुर की शूरवीर हितैषी निधि लेखाओं का अंकेक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 4/2013 से 3/2015

### भाग–एक

**1 गत अंकेक्षण प्रतिवेदन**

निदेशालय द्वारा गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों पर की गई कार्रवाई की वर्तमान अंकेक्षण के दौरान समीक्षा करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "A"** में दिया गया है।

### भाग–दो

**2 वर्तमान अंकेक्षण**

शूरवीर हितैषी निधि के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं का वर्तमान अंकेक्षण, श्री अजीत सिंह, अनुभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 20.07.2015 को हमीरपुर में किया गया, जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में वर्णित है। निधि लेखाओं की विस्तृत जांच हेतु चयनित मासों का विवरण निम्नानुसार हैः–

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2013–14 | 9/2013 | 4/2013 |
| 2014–15 | 6/2014 | – |

**अंकेक्षण अवधि में निदेशालय में कार्यरत्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों का विवरण निम्नानुसार हैः–**

| क्रमाँक | अधिकारी का नाम | पदनाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राकेश कुमार कोरला | (HAS) | 14.03.13 से 06.10.13 |
| 2 | सुश्री सोनिया ठाकुर | (HAS) | 07.10.13 से 10.10.13 |
| 3 | श्री बलवीर ठाकुर | (HAS) | 10.10.13 से 21.01.14 |
| 4 | श्री नरेश कुमार | (HAS) | 22.01.14 से 23.06.14 |
| 5 | श्री चमन लाल | (HAS) | 24.06.14 से 18.11.14 |
| 6 | श्री राकेश वर्मा | (HAS) | 19.11.14 से अद्यतन |

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को निदेशालय, सैनिक कल्याण, हिमाचल प्रदेश हमीरपुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, उक्त संस्था द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण होने, गलत होने, अथवा उपलब्ध न होने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी प्रभाव हेतु उत्तरदायी नहीं है।

## 3 अंकेक्षण शुल्क

शूरवीर हितेषी निधि के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखों के अंकेक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क का आँकलन ₹1000/– किया गया, जिसे रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला–9 के नाम प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या 582 दिनाँक 17.7.2015 द्वारा अनुरोध किया है।

## 4 वित्तीय स्थिति

**(क)** संस्था द्वारा प्रस्तुत शूरवीर हितैषी निधि के अवधि 4/2013 से 3/2015 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति व माहवार आय/व्यय का विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण **परिशिष्ट "क (1)" व "क (2)"** में भी दिया गया है।

| | |
|---|---|
| **Opening Balance as on 01.04.2013** | **53597.39** |
| Income | 22358.00 |
| **Total** | **75955.39** |
| Expenditure | 7900.00 |
| **Balance** | **68055.39** |

| | |
|---|---|
| **Name of Bank** | **State Bank of Patiala-Hamirpur** |
| **Account No.** | **551260-74744** |
| **Balance as on 31.3.14** | **₹68055-39** |

| | |
|---|---|
| **Opening Balance as on 01.04.2014** | **68055.39** |
| Income | 23197.00 |
| **Total** | **91252.39** |
| Expenditure | 0 |
| **Balance** | **91252.39** |
| **Name of Bank** | **State Bank of Patiala Hamirpur** |
| **Account No.** | **551260-74744** |
| **Balance as on 31.3.15** | **₹91252.39** |

**(ख) निधि में संचित राशि का सावधि जमा योजना में निवेश न करना**

विभाग द्वारा इस निधि में संचित राशि को बैंक बचत खाते में रखा गया है। यदि इस संचित राशि में से एक समुचित भाग किसी निश्चित अवधि के लिए सावधि जमा योजना में निवेश किया जाता तो बैंक से बचत खाते पर प्राप्त ब्याज की अपेक्षा सावधि जमा योजना में निवेशित राशि पर अधिक ब्याज अर्जित किया जा सकता था। अतः इस सन्दर्भ में संस्था स्तर पर आन्तरिक जाँच करके भविष्य में निधि की वित्तीय स्थिति को सुदृढ़ बनाने व ब्याज के रूप में अधिक आय अर्जित करने के उद्देश्य से सावधि जमा योजना में निवेश किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**5 मुद्रित पत्रिकाओं के भण्डार में इन्द्राज तथा संवितरण से सम्बन्धित अभिलेख प्रस्तुत न करना**

माह 4/2013 में मै0 शर्मा प्रिटिंग प्रैस, देवपाल चौंक हमीरपुर से उनके बिल संख्या 6029 दिनाँक 23.1.2013 व बिल संख्या 6059 दिनाँक 15.2.2013 के अन्तर्गत मुद्रित 200 शूरवीर हितैषी पत्रिकाओं हेतु किए गए ₹7900/– के भुगतान से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि निदेशालय द्वारा उक्त मुद्रित पत्रिकाओं के भण्डार में इन्द्राज व उनके संवितरण से सम्बन्धित कोई भी अभिलेख अंकेक्षण में सत्यापना हेतु प्रस्तुत नहीं किए गए, जिसके अभाव में कृत व्यय की उपयोगिता सत्यापित नहीं की जा सकी। अतः अपेक्षित अभिलेख तैयार करके सत्यापनार्थ आगामी अंकेक्षण पर उपलब्ध करवाए जाने सुनिश्चित किए जाएं।

6 **लघु आपत्ति विवरणिकाः–**इसे अलग से जारी नहीं किया है।

7 **निष्कर्षः–** लेखाओं के रख–रखाव में सुधार की आवश्यकता है।

हस्ता/–
उप निदेशक,
स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग,
हिमाचल प्रदेश, शिमला–171009.

## शूरवीर हितैषी निधि

## गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों की स्थिति

## अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2013 से 3/2015 के अनुसार

### परिशिष्ट "A"

(पैरा संख्या–1 से सन्दर्भित)

**(क) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2008 से 3/2011**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–5 | अनिर्णीत | (पैरे की नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन के पैरा संख्या 4 (ख) में दी गई है) |

**(ख) अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि 4/2011 से 3/2013**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | पैरा–3 | निर्णीत | (अंकेक्षण शुल्क की राशि भेज दी गई है) |
| | पैरा–4 | निर्णीत | (वित्तीय स्थिति पुनः प्रारूपित) |